IIM: 13 कन्वोकेशन में 21 गोल्ड मेडल, इसमें से 75% ब्वॉयज को

अनुराग सिंह . रायपुर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट का 13वां दीक्षांत समारोह दो दिन पहले ही सम्पन्न हुआ। आईआईएम में साल 2010-12 से लेकर अब तक 13 कन्वोकेशन हुए हैं। इन 13 कन्वोकेशन में 21 गोल्ड मेडलिस्ट निकलकर सामने आए हैं। आईआईएम के गोल्ड मेडलिस्ट की बात करें तो इनमें गर्ल्स की तुलना में ब्वॉयज की संख्या अधिक है।

21 में से 16 गोल्ड मेडल ब्वॉयज ने हासिल की है, वहीं गर्ल्स के हिस्से में 5 गोल्ड मेडल ही आए हैं। इनमें से भी गर्ल्स ने 4 गोल्ड इसी साल के कन्वोकेशन में हासिल किया है। इसे प्रतिशत में देखा जाए तो 75 फीसदी गोल्ड मेडल ब्वॉयज के हिस्से और 25 फीसदी गर्ल्स के हिस्से में आई है।

324 स्टूडेंट्स पासआउट हुए, इसमें से 43 फीसदी इंजीनियरिंग व आईटी से

साल 2022-24 बैच में आईआईएम से पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या 324 रही। इन स्टूडेंट्स के सब्जेक्ट बैकग्राउंड के बारे में जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार 139 स्टूडेंट्स (43 प्रतिशत) इंजीनियरिंग और आईटी करने के बाद आईआईएम पहुंचे। इसी तरह कॉमर्स और मैनेजमेंट स्ट्रीम के 121 स्टूडेंट्स (37 फीसदी) रहे। वहीं 20 प्रतिशत (64 स्टूडेंट्स) अन्य स्ट्रीम से रहे।

88 प्रतिशत स्टूडेंट्स की उम्र 26 वर्ष तक, 50 फीसदी को वर्क एक्सपीरियंसः आईआईएम से 2022-24 बैच में पासआउट हुए 324 में से 286 स्टूडेंट्स 26 वर्ष या इससे कम उम्र के हैं। वहीं इनका प्रतिशत 88 है। इसी तरह वर्क एक्सपीरियंस की बात की जाए तो आईआईएम में प्रवेश लेने वाले 50 फीसदी स्टूडेंट्स कहीं न कहीं जॉब कर चुके थे। इनकी संख्या 161 रही।

एक नजर में 2022-24 बैच की प्रोफाइल

- बैच में 324 स्टूडेंट्स
- पिछले साल से लगभग 60 ज्यादा
- इनमें 200 गर्ल्स और 124 बॉयज
- इंजीनियरिंग व आईटी से 139, कॉमर्स व मैनेजमेंट के 121
- 161 स्टूडेंट को वर्क एक्सपीरियंस
- सबसे ज्यादा 56 स्टूडेंट यूपी के व महाराष्ट्र के 50, छग से 5 स्टूडेंट।

Dainik Bhasker, 13th April 2024,p. 8(City Bhasker)